नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी

drishtiias.com/hindi/printpdf/national-recruitment-agency

चर्चा में क्यों?

सरकारी विभागों के अधीनस्थ पदों पर चयन हेतु आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये एक नए संस्थान 'नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी' (National Recruitment Agency-NRA) के गठन पर विचार किया जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- इससे सरकारी विभागों में ग्रुप-B (अराजपत्रित), ग्रुप-C (गैर-तकनीकी) और लिपिक पदों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में समकक्ष पदों पर भर्ती होने की उम्मीद है।
- प्रस्तावित नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी के माध्यम से कर्मचारी चयन आयोग (Staff Selection Commission-SSC) तथा बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (Institute of Banking Personnel Selection-IBPS) द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षा के दायित्व को कम किया जा सकता हैं, जो कि एक व्यापक कार्ययोजना हैं।
- प्रस्ताव के अनुसार, नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी प्रारंभिक परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों की सूची मुख्य परीक्षा हेतु संबंधित भर्ती एजेंसी SSC, IBPS को भेजेगी।
- संयुक्त स्नातक स्तरीय (Combined Graduate Level) परीक्षा सहित SSC द्वारा आयोजित की जाने वाली अन्य परीक्षाएं भी नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा कराए जाने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि SSC द्वारा ही विभिन्न सरकारी विभागों में अनुभाग अधिकारियों तथा सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, आयकर विभाग एवं रेल मंत्रालय के लिये परीक्षाएँ आयोजित कराई जाती हैं।
- इसी प्रकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लिपिक स्तर पर आयोजित की जाने वाली परीक्षा नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा कराए जाने का प्रस्ताव हैं।

कर्मचारी चयन आयोग (SSC)

- कर्मचारी चयन आयोग कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का संबद्ध कार्यालय है।
- भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के एक संकल्प द्वारा 4 नवंबर,1975 को अधीनस्थ सेवा आयोग की स्थापना की गई थी। जिसे 26 नवंबर 1977 को कर्मचारी चयन आयोग के नाम से पुनः गठित किया गया।
- यह सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में ग्रुप-B तथा ग्रुप-C के पदों पर भर्ती कराता है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS)

- IBPS वर्ष 1984 में स्थापित एक स्वायत्त निकाय है।
- यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत है और बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के तहत एक सार्वजनिक ट्रस्ट भी है।
- यह विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि- कर्मियों की भर्ती, चयन, नियुक्ति आदि में संगठनों को सहायता प्रदान करने के लिये बनाया गया था।
- इसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस